





नवभारत
इंदौर, रविवार, 3 मई, 2026


## एक नजर में

### विधायक राजकुमार मेव ने सीसी रोड और बाउंड्रीवॉल के लिए किया भूमिपूजन




**महेश्वर, निप्र।** विधायक राजकुमार मेव ने शुक्रवार को महेश्वर तहसील की ग्राम पंचायत गांधीनगर के अंतर्गत आने वाले आईटीआई कॉलेज की बाउंड्री वॉल तथा कालेज परिसर में सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन करते हुए कॉलेज परिवार तथा अध्यनरत विद्यार्थियों को एक नई सौगात प्रदान की । विधायक राजकुमार मेव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में विकास की गंगा अनवृत बह रही है साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा की सरकार बढ़-चढ़कर कार्य कर रही है वर्तमान के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है इसलिए भाजपा सरकार लंबी सोच के साथ विकास कार्यों की आधारशिला स्थापित कर रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार विद्यार्थियों का विकास समुचित ढंग करने के लिए विभिन्न प्रकार की छात्र वृतियां, पुस्तकें, साइकिल इत्यादि देने के साथ ही विद्यालय एवं महाविद्यालयों के भवनो और उनकी व्यवस्थाओं को भी चुस्त दुरुस्त करने का कार्य लगातार कर रही है और आगे भी करती रहेगी। विधायक राजकुमार मेव ने इस अवसर पर एक करोड़ 26 लाख की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र जैन, गब्बु पटेल, गांधीनगर के सरपंच रतन सिंह रंधावा के साथ कॉलेज के प्राचार्य, स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कार्यबल सशक्तिकरण की दिशा में पहल, नए श्रम संहिताओं पर केंद्रित श्रम दिवस का आयोजन



**खरगोन, निप्र।** एनटीपीसी खरगोन ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस को उत्साहपूर्वक मनाते हुए श्रमिकों के कल्याण, अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। इस अवसर पर श्रमिकों एवं संबद्ध एजेंसियों के प्रतिनिधियों के लिए एक इंटरैक्टिव जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सुरक्षा, गरिमा एवं समावेशी कार्यस्थल पर विशेष जोर दिया गया। इस सत्र का संचालन श्रीमती प्रीति जोशी भारद्वाज, प्रबंधक (विधि) द्वारा किया गया, जिन्होंने नई श्रम संहिताओं तथा वर्तमान व्यवस्था से नई व्यवस्थाओं में संक्रमण पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। सत्र में बदलते कानूनी ढांचे, अनुपालन आवश्यकताओं तथा इनके श्रमिकों एवं नियोक्ताओं पर प्रभाव से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया, जिससे प्रतिभागियों को अपने अधिकारों एवं दायित्वों की बेहतर समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम में लगभग 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें संविदा श्रमिक, कर्मचारी एवं विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल थे। सभी प्रतिभागियों ने चर्चा में सक्रिय भागीदारी निभाई और सत्र से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर श्रीमती प्रतिभा सिंह, HOH और अहमद रिजवान रैनी, AGM (जागरूकता) भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए बदलते श्रम परिदृश्य में जागरूकता, अनुकूलन एवं अनुपालन के महत्व पर बल दिया। यह आयोजन पारस्परिक संवाद को बढ़ावा देने, समझ को सुदृढ़ करने तथा एक जागरूक एवं सशक्त कार्यबल के निर्माण की दिशा में संगठन की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करने का एक सार्थक प्रयास रहा।

### श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीकृष्ण लीलाएं सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु



**खरगोन, निप्र।** ग्राम गांवसन के ग्रामीण इन दिनों भक्ति, भाव और श्रद्धा के रंग में सराबोर है। यहां समाजसेवी स्व. हरि पाटीदार एवं स्व. सीता बाई की स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा का श्रवण कर ग्रामीण श्रीकृष्ण भक्ति में लीन हो रहे है। कृष्णलाल पाटीदार व गाडरया परिवार द्वारा आयोजित कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित दामोदर मोयदे पिपरी वालों ने श्रीकृष्ण अवतरण से जुड़ी दिव्य लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, पूतना वध, कालिया नाग दमन सुनाया गया, जिसका श्रवण कर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। पंडित मोयदे ने कहा कि भगवान की लीलाएं केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती हैं। जहां प्रेम, धैर्य और सत्य की जीत सुनिश्चित होती है। पंडित मोयदे ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान स्वयं अवतरित होकर अधर्म का नाश करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म, वसुदेव-देवकी की कारागार कथा एवं नंदगांव में बाल .कृष्ण के आगमन का सजीव झांकी सजाई गई, जिसमें नन्हें कान्हा के दर्शन करने श्रोता आतुर नजर आए। उन्होंने विशेष रूप से भारत भूमि की महिमा का उल्लेख करते हुए बताया कि यह केवल एक देश नहीं, बल्कि देवताओं की तपोभूमि है, जहां श्रीकृष्ण जैसे अवतारों ने जन्म लेकर मानवता को धर्म, कर्म और प्रेम का मार्ग दिखाया। कथा के दौरान हर ओर राधे-राध और श्गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो... के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सुमधुर भजनों पर श्रोता जयकारा लगाकर प्रभू भक्ति में लीन होकर झूमते रहे।

### प्राचार्य और स्कूल संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**खरगोन, निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानूडे ने बड़वाह, महेश्वर, कसरावद, खरगोन, गोगांवा, भगवानपुरा एवं झिरन्या विकासखंडों में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं शासकीय/ अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य .संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन की कई शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं, जिनकी न तो समय पर जांच की गई और न ही पोर्टल पर उत्तर दर्ज किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा न तो शिकायतकर्ता से 181 पर चर्चा कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराया और न ही प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिले एवं स्कूल शिक्षा विभाग की ग्रेडिंग डाउन होने की स्थिति बन रही है। इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संबंधितों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। कारण बताओ सूचना पत्र के उत्तर के साथ ही सभी लंबित शिकायतों का प्रतिवेदन भी मांगा गया है। अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# युवा रचनात्मक सोच और कौशल से रचें नए आयाम : यादव

## जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बोरावां में दो दिवसीय एजेन्टिक एआई हैकाथॉन का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** निमाड़ अंचल के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षा संस्थान, जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोरावां में माईक्रोसॉफ्ट के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर के ''एजेन्टिक एआई हैकेथॉन 2026' का गरिमामय शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में देश भर से आए युवा अन्वेषकों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भविष्य की चुनौतियों के समाधान के लिए अपनी मेधा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मप्र के पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

साथ ही युवा उद्यमी और अधिवक्ता हर्षवर्धन यादव, रोहित सरदाना स्टार्टअप एडवाईज एवं फाउण्डर, सौरव रघुवंशी डिजिटल क्लाउट साल्यूशन आर्कीटेक्ट माईक्रोसॉफ्ट बैंगलोर, शैली मेंहदीरत्ता टेक्नीकल सपोर्ट इंजीनियर माईक्रोसॉफ्ट बैंगलोर, राहुल भार्गव डायरेक्टर शीकुंज, गुंजन जसवाल टेक्नलॉजी हेड यूथ टॉक, आनन्द कुमार ऑपरेशन लीड अजूरे डेवलपर कम्यूनिटी, अजकरउद्दीन खान संरक्षक अजूरे डेवलपर कम्यूनिटी, सायन कर्मकार माईक्रोसॉफ्ट गोल्ड एम्बेसेडर रूंगटा इंटरनेशनल स्कील्स यूनिवसिर्टी



उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं संस्था के संस्थापक पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर तृतीय वर्ष एआईएमल की छात्रा भूमि गुप्ता द्वारा पारंपरिक गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

**संस्थान की विकास यात्रा और विजन:-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय ने संस्थान की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय श्री सुभाष यादव जी द्वारा 1997 में मात्र तीन शाखाओं के साथ स्थापित यह संस्थान आज इंजीनियरिंग, एम.टेक, डिप्लोमा और एमसीए जैसे विविध पाठ्यक्रमों के माध्यम से हजारों छात्रों का भविष्य संवार रहा है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य केवल स्नातक तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे नवाचारी लीडर्स बनाना है जो राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

**नवाचार का नया अध्याय - प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय:-** डॉ. उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि यह हैकाथॉन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विचारों को हकीकत में बदलने का मंच है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा, भविष्य उन्हीं का है जो इसे बनाने का साहस रखते हैं। यह आयोजन खरगोन और पूरे निमाड़ क्षेत्र के लिए तकनीकी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। जेआयटी बोरावां द्वारा नवाचार के अंतर्गत इंडस्ट्री कनेक्ट, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, इंफोसिस और टीसीएस जैसी



वैश्विक कंपनियों के साथ मजबूत समन्वय, छात्र नवाचार कोड नेक्सस जैसे क्लबों के माध्यम से नई तकनीकों पर कार्य किया जा रहा है। एमएसएमई सहयोग एमएसएमई समर्थित इंक्यूबेशन सेंटर स्टार्टअप्स को दे रहा बढ़ावा। सर्वांगीण विकासरू एनसीसी, एनएसएस, खेल एवं आध्यात्मिक गतिविधियों से चरित्र निर्माण जैसी गतिविधियॉ सम्मिलित है।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल परिवर्तन का युग - सचिन यादव:-** इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री मप्र एवं विधायक कसरावद सचिन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोरावां द्वारा आयोजित एजेन्टिक एआई हैकेथॉन 2026' युवा प्रतिभाओं को नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता के लिए एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल परिवर्तन का युग है, ऐसे में हमारे युवाओं का इस दिशा में आगे बढ़ना न केवल उनके व्यक्तिगत विकास के लिए, बल्कि देश की प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। निमाड़ जैसे अंचल में इस स्तर के आयोजन यह साबित करते हैं कि प्रतिभा किसी स्थान की मोहताज नहीं होती। मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूँ कि वे अपनी रचनात्मक सोच और तकनीकी कौशल से नए समाधान विकसित करें और देश का नाम रोशन करें।

**एजेन्टिक एआई आज के समय में महत्वपूर्ण - राहुल भार्गव:-** डायरेक्टर शीकुंज राहुल भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बढ़ते अविष्कारों के युग में खेती, रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में भी एजेन्टिक एआई का उपयोग किया जा रहा है। अब कॉल सेंटर की कॉल्स मैसेज भेजने वाले सिस्टम्स जैसे सभी सुविधायें एजेन्टिक एआई पर निर्भर है। खास बात यह है कि इसे सीखकर विद्यार्थी अपने जीवन में न सिर्फ आई.टी. बल्कि दूसरे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव ने दी शुभकामनाएं

संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरुण यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्योग जगत के प्रतिनिधि और शिक्षाविद् शामिल हुए। अपने संदेश में पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने देश प्रदेश से दो दिवसीय हैकेथॉन सम्मिलित होने के लिए बोरावां आए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की। अंत में डॉ. उपाध्याय ने सभी आयोजकों, सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को 'नवाचार' का संदेश दिया।

## विक्रम पटेल ने पुत्र के जन्मदिवस पर मंदिर में भेंट किया वॉटर कूलर

**महेश्वर, निप्र।** भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने शनिवार को अपने बेटे अवध पटेल के चौथे जन्मदिवस को जनसेवा के रूप में मनाया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विक्रम पटेल ने नगर के प्रसिद्ध श्री राजराजेश्वर मंदिर में साधु-संतों, परिक्रमावासियों एवं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए 150 लीटर क्षमता वाला वृहद फिल्टर वाटर कूलर भेंट किया।



यह पहल न केवल सेवा भावना का परिचायक है, बल्कि समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी देती है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन या परिवार के किसी भी सदस्य के जन्मदिन के अवसर पर अपने गांव, शहर या नगर के मंदिरों में भगवान की पूजा अर्चना करते हुए जन्मदिन मनाना चाहिए या फिर सामाजिक संगठन को मदद करते हुए ताकि समाज के उन सिपाहियों को प्रोत्साहन मिल सके। इस परंपरा को हम लगातार कई वर्षों से निभाते आ रहे हैं उसी के तहत शनिवार को बेटे के जन्मदिन पर भगवान श्री राजराजेश्वर मंदिर में वाटर कूलर विनम्रता पूर्व भेंट किया। ज्ञात हो कि विक्रम पटेल पूर्व से ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। विगत वर्ष भी उन्होंने अपने पुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर नगर की प्रसिद्ध श्रीमद भागवत गौशाला में संपूर्ण बर्तन सेट दान कर सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया था। इस अवसर पर नगर परिषद पार्षद आरती विक्रम पटेल सहित परिवारजन भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस सेवा कार्य को पूर्ण किया, जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी में राहत मिल सकेगी। विक्रम पटेल के इस सराहनीय कार्य की नगरभर में व्यापक प्रशंसा हो रही है। मंदिर के महंत चेतन्य गिरी, कार्तिक महंत एवं सागर महंत सहित मंदिर समिति के सदस्यों ने इस सेवा भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## जयकारों से गूंजा नृसिंह मंदिर, लक्ष्मीनारायण यज्ञ की पूर्णाहुति

**महेश्वर, निप्र।** जब भक्त निष्काम भाव से प्रभु की भक्ति में तल्लीन होकर प्रभु आराधना करता है तब प्रभु अपने भक्त की पुकार सुनते ही उसका उद्धार करते हैं। भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार लेते हुए अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करते हुए हिरण्यकश्यप का संहार किया। ये बातें लक्ष्मी नारायण यज्ञ की पुणाहुति के अवसर पर पं. नितिन शर्मा ने कहीं।

पंडित देवेंद्र शास्त्री ने कहा कि भक्ति की पराकाष्ठा भक्त प्रहलाद जैसी होनी चाहिए, जिन्होंने कई यातनाएं सहन करने के उपरांत भी प्रभु की भक्ति नहीं त्यागी और अपने पिता से विमुख होकर निरंतर भगवत भक्ति की। मां नर्मदा संस्कृत पाठशाला में चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत गुरुवार को भगवान नृसिंह का अमृताभिषेक आम रस के साथ विभिन्न फलों के रसों व पंच द्रव्य से किया गया। तीन दिवसीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ की पूर्णाहुति वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा की गई।



**आकर्षक श्रृंगार ने सभी का मन मोहा:-** नर्मदा के पावन तट पर अति प्राचीन नृसिंह मंदिर मैं भक्त वत्सल भगवान नरसिंह का जन्म उत्सव के दौरान नैनाभिराम श्रृंगार किया गया जिसका सभी भक्तों ने दर्शन कर धर्म लाभ लिया। भगवान के प्रकाट्योत्सव की महा आरती की गई जिस दौरान पूरा परिसर जय नृसिंह के जयकारों से गूंजायमान हो गया। यज्ञाचार्य पंडित युगल किशोर पण्ड्या व उनके साथियों ने पूर्ण सुचिता व शास्त्रोंगत मंत्रोच्चार करते हुए तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण करवाया। भगवान नृसिंह के जन्मोत्सव पर उपस्थिति भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर पाठशाला परिवार के साथ संपूर्ण निमाड़ अंचल एवं मालवा प्रांत के भक्त जन उपस्थित थे।

## खरगोन के पत्रकारों ने भोपाल में बुलंद की पत्रकार सुरक्षा कानून की आवाज...



**खरगोन, निप्र।** 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को भोपाल के समन्वय भवन में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रदेशव्यापी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों ने भी शामिल होकर पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को बुलंद किया।

निमाड़ संभागीय अध्यक्ष विजय मोरे एवं जिला अध्यक्ष सदाशिव वर्मा ने बताया कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पत्रकार सुरक्षा कानून सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने का भरोसा देते हुए कहा है कि हमारी सरकार समस्याओं का समाधान करने के लिए है। इसके पहले संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने उप मुख्यमंत्री शुक्ल को पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों का पत्र सौंपा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक सहित पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद थे। न्यू मार्केट में श्रमजीवी पत्रकार साथियों ने अपनी मांगों को लेकर विशाल रैली निकाल कर अपनी आवाज बुलंद की।

## आज 9 परीक्षा केंद्रों पर नीट परीक्षा प्रवेश से पहले होगी कड़ी जांच



**खरगोन, निप्र।** डॉक्टर बनने का सपना देख रहे विद्यार्थियों के लिए इम्तिहान की घड़ी आ गई है। डॉक्टर बनने की राह प्रशस्त करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (नीट) की परीक्षा रविवार को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए जिले में 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित कराई जाएगी। ऐसे में जो छात्र परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। वे परीक्षा के नियम- निर्देशों को ध्यान में रखकर केंद्र पहुंचे।

परीक्षा के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए कलेक्टर भव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की एंट्री प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा व आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो, इसके लिए सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

## 2 बेटियों का लॉन टेनिस केंद्रीय विद्यालय नेशनल गेम्स में चयन

**खरगोन, निप्र।** गत दिनों भोपाल में आयोजित केंद्रीय विद्यालय रीजनल लॉन टेनिस टूर्नामेंट में जिले की दो बालिकाओं ने सफलता का परचम लहराया। प्रतियोगिता में जानविका यादव ने सिल्वर मेडल तथा हिया पाटीदार ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया।




उपलब्धि के आधार पर दोनों का चयन केंद्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों ही खिलाड़ी पारस टेनिस अकादमी में नियमित अभ्यास करती हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी पवी दुबे, निमाड़ टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, सचिव पारस कदम, कोच लोकेश जांगड़े आदि ने दोनों खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर अमीषा यादव, कमलेश पाटीदार, तेंजेन्दर सैनी, हरिशंकर जायसवाल, दिनेश कदम, राजेंद्र महाजन, अनिल जाधव, नितिन मालवीय, डॉ. जय किशोर सिंह एवं अकादमी के सभी अभिभावकों ने खुशी जताई।

## एक नजर में

### 'बुद्धम शरणम गच्छामि' के जयघोष से गुंजायमान हुआ शहर

# बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर धूमधाम से निकली भगवान बुद्ध की शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर शहर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। महाकारुणिक बुद्ध विहार के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने शिरकत की। शांति और करुणा के संदेश के साथ निकली इस यात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया।

**अतिथियों ने किया दीप प्रज्वलन:-** कार्यक्रम की शुरुआत महाकारुणिक बुद्ध विहार में अतिथियों द्वारा तथागत गौतम बुद्ध के चरणों में पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानवाधिकार सुरक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम पाटीदार थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में रमेश चंद्र मनागरे, अधिवक्ता श्याम कुमार गांगले, तहसीलदार साहब, विहार अध्यक्ष पूनम चंद गांगले, परमानंद खांडे और राजेश जैन उपस्थित रहे।

**धार्मिक विधि-विधान और वंदना:-** शोभायात्रा से पूर्व विहार के संरक्षक संजीव कुमार (बौद्धाचार्य) ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण और पंचशील का पाठ कराया। इसके पश्चात उपस्थित वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों और उनके बताए सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।



**प्रशासन और पुलिस का जताया आभार:-** विहार के अध्यक्ष पूनम चंद गांगले ने शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन और यातायात विभाग का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस के चाक-चौबंद इंतजामों और सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन के कारण ही झांकी और शोभायात्रा सुगमता से शहर के व्यस्त मार्गों से गुजर सकी।

**वरिष्ठ जन और पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति:-** इस आयोजन में विशेष रूप से पत्रकार दिलीप पंचोली एवं पत्रकार सतीश गांगले मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। साथ ही यशवंत गांगले, अधिवक्ता विजय कुमार गांगले, कान्हा पंचोली, लखन पंचोली, शंकर गांगले, मोहित गांगले, गजा मंसारे, अजय गांगले, रवि गांगले, दीपक सांवले, खुशयाल अमोदे, महेश गांगले, विकास नागराज, सतीश बड़ोले, संजू तायड़े, बुद्धम कुमार गांगले, संतोष पगारे, अभिषेक मानाग्रे, रोहन गांगले, ओमप्रकाश गांगले, जयदीप बर्डे सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।

### नगर भ्रमण और चलित झांकी

शाम 5 बजे वाहनों के माध्यम से भव्य शोभायात्रा शुरू हुई। इसमें भगवान बुद्ध की आकर्षक चलित झांकी सजाई गई थी, जो आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा विहार से प्रारंभ होकर बावड़ी बस स्टैंड, डायवर्शन रोड, राधा वल्लभ मार्केट, पोस्ट ऑफिस चौराहा, टीआईटी कॉम्प्लेक्स, गायत्री मंदिर तिराहा, बीटीआई रोड, कपास मंडी और आनंद नगर होते हुए पुनः बुद्ध विहार पहुंची, जहाँ इसका समापन हुआ।